ग्राम्य विकास विभाग

4 बी, सुभाष रोड, सचिवालय परिसर, देहरादून

पत्रांक.....980..../8–2/4/एम०जी०एन०आर०ई०जी०एस०/2017–18

दिनांक .....07.......फरवरी, 2018

दिनांक 5 फरवरी, 2018 को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत शिकायतों के निवारण हेतु जनपदवार लोकपाल का चयन किये जाने हेतु समिति की बैठक आहूत की गयी। जनपद चमोली, चम्पावत, देहरादून, पिथौरागढ़, टिहरी एवं उत्तरकाशी से प्राप्त लोकपाल के पैनल में उपस्थित अभ्यर्थियों का चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लिया गया, जबकि जनपद बागेश्वर, हरिद्वार, नैनीताल एवं पौड़ी गढ़वाल में पूर्व लोकपाल के नवीनीकरण के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। जनपद अल्मोड़ा एवं रुद्रप्रयाग में चयन समिति द्वारा पूर्व में चयनित लोकपाल के चयन पर की गई आपत्तियों का निराकरण किया गया, जिसमें से जनपद अल्मोड़ा में पूर्व में चयन किये गये अभ्यर्थी श्री राजेन्द्र प्रसाद जोशी के सम्बन्ध में की गयी आपत्ति को ग्राह्य नहीं किया गया तथा इनके चयन को यथावत् रखा गया। जनपद रुद्रप्रयाग में पूर्व में चयनित लोकपाल श्री ओम प्रकाश भट्ट के चयन पर की गई आपत्ति को ग्राह्य किया गया तथा श्री ओम प्रकाश भट्ट के पूर्व चयन को निरस्त किया गया।

आवेदकों के चयन पर विभिन्न जनपदों में लोकपाल के चयन हेतु चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के उपरान्त निम्न आवेदकों को चयनित किया गया –

क्र०सं०	जनपद	चयनित लोकपाल
1	चम्पावत	श्रीमती बीमा बोहरा
2	उत्तरकाशी	श्री वी०सी० रमोला
3	अल्मोड़ा	श्री राजेन्द्र प्रसाद जोशी

उपरोक्त क्रमांक 01 एवं 02 पर चयनित आवेदकों की सूची को चयन समिति के निर्देशानुसार विभागीय एवं एनआईसी की वेबसाइट पर इस आशय से अपलोड किया जाता है कि जनसामान्य की आपत्ति/टिप्पणी हेतु एक माह के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अपने पूर्ण विवरण के साथ उचित साक्ष्यों सहित लिखित रूप में भेजी जा सकती है, जिसका निराकरण चयन समिति द्वारा मनरेगा लोकपाल के नवीनतम प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव
ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित –

1) अधिशासी निदेशक/अपर सचिव, राज्य एमजीएनआरईजीएस प्रकोष्ठ, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड।
2) निदेशक, राज्य प्रौद्योगिकी केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि उक्त पत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3) अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, पौड़ी।
4) जिलाधिकारी, अल्मोड़ा, चम्पावत, रुद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी।
5) मुख्य विकास अधिकारी, चम्पावत, रुद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी।

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव
ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।

Scanned by CamScanner